

PM
SINCE 1988
Perfect Marble
Extn.
Wall & Floor Tiles • Sanitaryware
Wholesale & Retail
weber
SAINT-GOBAIN
hindware italian collection
ITALAKE
REY
Nikhil Goyal
सौ फुटा तिराहा, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
9258361138, 9997128529


ALMA MATER
KNOWLEDGE IS TRUTH
★ESTD1988★
ALMA MATER
Day-Cum-Day-Boarding School
Play Group to XII • Affiliated to CBSE, Delhi
Kurmanchal Nagar, Bareilly, PH: 8881 600 600
★ 35 Years of Excellence ★
ENVISIONING TALENTS WITH QUALITY EDUCATION.
VACANCIES
POST
QUALIFICATION
EXPERIENCE
Kindergarten Teacher
NTT+Post Graduate/ Graduate in any subject
PRT (Hindi)
TGT (Maths, Computer Sc.)
Bachelor's Degree in related Discipline & B.Ed.
Minimum 5 Years
Drop your CV on : helpdesk@almamaterschool.ac.in
ADMISSIONS OPEN FOR CLASSES
PLAYGROUP (AGE 2+ YEARS) ONWARDS


AMBIENCE
COOLING CORPORATION LLP
TOSHIBA VRF
Unveilling The Next Generation in Cooling
Carrier
We also Execute Water-Cooled And Air-Cooled Chiller Systems
अरविन्द कुमार
मो. 9719101668
UG-22, Awadh Plaza, Janakpuri, Bareilly- 243122
ambiencecooling11@gmail.com


Digital Board Solutions
for your
Classrooms/ Meeting Rooms
55"
65"
75"
86"
98"
Options of OPS
VC Equipments
Parallel Projections
All leading brands under one roof
AERO
SAMSUNG
LG
VAMMA
VIEWSONIC
GEEKEN
Call/ Visit for Demo
Sanjay Gupta
COMPUTER AID
30 Years of Trust
Since 1991
Computer Aid
Since 1991
A-6 Front Block, Ground Floor, Butler Plaza, Bareilly
9837030225/8881055614
Also Available on GeM.

## एक नजर

### वृद्धावस्था पेंशन गबन में दो आरोपी भेजे जेल

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह ने 28 जुलाई 23 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वृद्धावस्था पेंशनरों के बैंक खाते में परिवर्तन कर रुपये का गबन किया गया था। पुलिस ने राजेश कुमार समेत नौ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने अभियुक्त जयपाल कश्यप निवासी कुर्रियाकला थाना कांट व अनूप कुमार निवासी कचनार थाना कोतवाली देहात जिला सीतापुर को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने लेपटाप, छह मोहरें, कई आधार कार्ड, चार मोबाइल, 3215 रुपये, एटीएम कार्ड बरामद किया था। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों का चालान कर दिया।

### जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी की मौत

**तिलहर।** जहरीला पदार्थ का सेवन करने वाली किशोरी की उपचार के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार की शाम नगर के मोहल्ला पक्का कटरा निवासी फिरासत खान की 15 वर्षीय पुत्री फरमाइश ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया था। स्वजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

# माघी पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## हर-हर गंगे के जयघोष से दिन भर गूंजता रहा ढाई घाट गंगा तट, ब्रह्म मुहूर्त से लेकर शाम तक चला स्नान-ध्यान का सिलसिला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/मिर्जापुर

**अमृत विचारः** माघी पूर्णिमा पर शनिवार को ढाई घाट में लाखों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। यहां सुबह को ब्रह्म मुहूर्त से देर शाम तक श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाते रहे, जिससे ढाई घाट पर दिनभर हर-हर गंगे के जयकारे गूंजते रह। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद पुरोहितों व कन्याओं को भोजन कराया और दान-दक्षिणा दी। मेले में लगीं दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की गई।

ढाई घाट में गंगा की रेती में बीते एक माह से बसी रामनगरिया में माघ पूर्णिमा पर स्नान-ध्यान करने के लिए आस्था का सैलाव उमड़ पड़ा। त्योहार पर पूजा-पाठ का महत्व समझते हुए जगह-जगह चल रही भागवत कथा और राम कथा श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं, रास लीला देखने को भी दिनभर महिलाएं, पुरुष उमड़ते रहे।

रामनगरिया मेला में हजारों श्रद्धालु और साधु-संत एक महीने से डेरा जमाए हुए हैं। कल्पवास कर रहे लोग गंगा स्नान कर पूजा-पाठ कर आनंदित होते रहे। गंगा स्नान के लिए शुक्रवार रात से ट्रैक्टर-ट्राली, चौपहिया वाहन आदि से शाहजहांपुर और आसपास जनपदों से श्रद्धालु ढाईघाट पहुंचते रहे। वहीं, हजारों श्रद्धालु बाइकों, साइकिलों और पैदल भी स्नान को पहुंचे। मेले में भारी भीड़ उमड़ने के चलते रास्तों में जाम लगा रहा, जिसमें घंटों श्रद्धालु को जूझना पड़ा। गंगा स्नान के लिए ढाई घाट आने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। लोगों ने मेले में सजी दुकानों पर खरीददारी की।


मिर्जापुर इलाके में ढाई घाट पर गंगा में स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


गंगा ढाई घाट पर लगे मेले में लगे जाम में फंसे लोग। ● अमृत विचार

- मेले में भीड़ उमड़ने से जाम में जूझते रहे श्रद्धालु
- भागवत और राम कथा सुनने को श्रद्धालुओं से भरे रहे पंडाल


गंगा तट पर कथा सुनते श्रद्धालु।

### मेले में सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

ढाई घाट मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कड़े प्रबंध किए गए। इस दौरान घाटों व मेला स्थल पर फर्रुखाबाद जिले की पुलिस मुस्तैद रही। गंगा घाटों पर गोताखोर व पीएसी के जवान भी निगरानी में लगे रहे। खोया-पाया विभाग दिन भर सक्रिय रहा। खोए बच्चों को पुलिस ने परिजनों से मिलवाने का काम बखूबी किया।


गंगा ढाई घाट पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

### गर्रा और खन्नौत घाट पर भी लगा मेला

शहर में गर्रा और खन्नौत घाट पर भी परंपरागत ढंग से मेला लगाया गया। शहरवासियों ने हनुमत धाम खन्नौत घाट और गर्रा घाट पहुंचकर पवित्र नदियों में प्रसाद चढ़ाकर आरती की और दुकानों पर खरीददारी कर चाट-पकौड़ी आदि का आनंद लिया।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

**सेहरामऊ दक्षिणी।** तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

जलालाबाद के गांव ककरहा निवासी प्रमोद (24) पुत्र रामसेवक शुक्रवार को सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव कासिमगंज अपनी रिश्तेदारी में आए थे। जहां से उन्हें किसी काम से सेहरामऊ आना पड़ा। रात में लगभग नौ बजे चम्पापुर के पास उनकी बाइक में किसी वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। इसमें प्रमोद और उसके दोनों साथी सचिन प्रकाश व अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टर ने प्रमोद को मृत घोषित कर दिया। जबकि सचिन प्रकाश और अभिषेक की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रमोद अपने पिता की इकलौती संतान था। उसके एक बच्चा है।

उधर, नेशनल हाईवे पर बाइक सवार ने एक युवक को टक्कर मार दी, जिससे रामकुमार नाम का युवक घायल हो गया।

# डीआरएम ने रेलवे ट्रैक के पास बने अवैध रास्ते बंद कराए

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचार :** कहेलिया और ऐगवां के बीच रन थ्रू जा रही जन साधारण और ट्रैक्टर ट्रॉली के टकराने की खबर मिलते ही शुक्रवार रात मुरादाबाद मंडल के रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह मौके पर जा पहुंचे और हादसे की जानकारी ली। इस मामले में हरदोई आरपीएफ ने ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं देर रात तक रेलवे ट्रैक को साफ किया गया। डीआरएम ने रेलवे ट्रैक के पास बने अवैध रास्तों को तत्काल बंद करने के निर्देश दिए।

शुक्रवार रात करीब नौ बजे आनंद बिहार से दानापुर जा रही जन साधारण रन थ्रू एक्सप्रेस ट्रेन कहेलिया और ऐगवां रेलवे स्टेशन के बीच पहुंची। तभी किमी संख्या 1219 के पास रेलवे ट्रैक पर अचानक ट्रैक्टर ट्राली आ गई थी। रेलवे ट्रैक पर ट्रैक्टर ट्राली देख ट्रेन के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाने का प्रयास किया था, लेकिन ट्रेन की ट्रैक्टर ट्राली से जबरदस्त टक्कर हो गई थी। सामने से तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन को देखकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर से कूदकर भाग गया था। जिससे ट्रैक्टर ट्राली के परखच्चे उड़ गए, वहीं ट्रेन के इंजन का सहायक लोको पायलट साइड का कैटल व बफर टूट गया था। घटना की सूचना कंट्रोल रूम व स्टेशन अधीक्षक को दी गई थी। वहीं रोजा से राहत ट्रेन भी पहुंच गई थी। बाद में रोजा से दूसरा इंजन ट्रेन को आंझी शाहाबाद तक ले गया था। देर रात तक रेलवे कर्मचारी रेलवे ट्रैक को साफ करते रहें। इस हादसे के बाद करीब दो घंटे रेल यातायात प्रभावित रहा था।


ट्रैक्टर-ट्राली से ट्रेन टकराने के बाद मौका मुआयना करते डीआरएम ● अमृत विचार

- ट्रैक्टर-ट्राली से जनसाधारण ट्रेन टकराने पर आधी रात में मौका मुआयना करने पहुंचे डीआरएम

## बेटी पैदा होने पर विवाहिता को घर से निकाला

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** बेटी पैदा होने पर महिला को ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पति समेत चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फर्रुखाबाद के पांचाल घाट थाना कादरी गेट निवासी निवासी प्रियंका कुशवाहा की शादी वर्ष 2018 में बहेरिया निवासी विपिन कुमार के साथ हुई थी। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी में मां और भाई ने आठ लाख रुपये खर्च किए गए। दिसंबर 2020 में उसके पुत्री का जन्म हुआ। इसके बाद उसे पति विपिन, सास रानी, ससुर अमर सिंह व देवर सुमित कुमार ताना देने लगे। कहते तूने बेटी पैदा की है, इसकी परवरिश कैसे होगी। आरोप है कि उसके ससुराल वाले मायके से एक लाख रुपये व सोने की चेन लाकर देने की मांग करने लगे। इसी को लेकर उसे आए दिन प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर दिसंबर 2022 को उसे घर से निकाल दिया।

समस्त जनपद वासियों को माघ मास पूर्णिमा गंगा स्नान पर हार्दिक शुभकामनाएं



इसराज खान
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कैहमारिया, खुटार

## छात्र को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** कचहरी परिसर के उमेश कुमार वर्मा ने बताया कि उनका भतीजा हिमांशु केंद्रीय विद्यालय नंबर प्रथम में पढ़ता है। छह फरवरी को हिमांशु पौने एक बजे पेपर देकर घर लौट रहा था। रास्ते में कैंट मार्केट से पहले चार पहिया वाहन पर नव सक्सेना निवासी पक्का तालाब थाना सदर बाजार अपने साथियों के साथ हिमांशु को रोक लिया और जातिसूचक शब्द कहते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान उसके भतीजे के सिर पर धारदार हथियार प्रहार किया, जिससे उसका सिर फट गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए थे। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि नव सक्सेना, प्रफुल्ल, राजीव कुमार, गुड्डू समेत सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# ई-रिक्शा चालक को हिरासत में लेने पर भड़की महिलाओं ने किया हंगामा

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** ढाई घाट मेले में पुलिस के ई-रिक्शा कब्जे में लेने और चालक को अपनी गाड़ी में बैठाने पर भड़कीं महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। हालांकि पुलिस के आगे महिलाओं की नहीं चली। पुलिस ने ई-रिक्शा चालक को हिरासत में ले लिया।

शनिवार को मिलकिया गांव निवासी हरिपाल अपने ई-रिक्शा से परिवार की महिलाओं को लेकर गंगा स्नान के लिए ढाई घाट गया था। साथ में महिलाएं होने की वजह से हरिपाल अपना ई-रिक्शा मेला स्थल पर बनी पार्किंग से आगे ले गया। इस पर शमशाबाद थाने की पुलिस ने ई-रिक्शा खड़ा कराने के साथ हरिपाल को सरकारी गाड़ी में बैठा लिया। इस पर महिलाएं भड़क गईं और हंगामा शुरू कर दिया। इससे महिलाओं और पुलिस के बीच नोकझोंक होने लगी।

महिलाओं ने पुलिस की गाड़ी को चारों ओर से घेर लिया। हालांकि पुलिस आगे उनकी नहीं चली। पुलिस हरिपाल को अपनी गाड़ी में बैठाकर थाने ले गई।


गंगा ढाई घाट मेले में पुलिस की गाड़ी को घेरकर हंगामा करतीं महिलाएं।

- मेले में बनी पार्किंग से आगे ले जाने पर पुलिस ने रोका ई-रिक्शा

प्राथमिक शिक्षक संघ शाहजहांपुर
की ओर से
माघ मास पूर्णिमा गंगा स्नान
पर समस्त जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं





नितिन मिश्रा
प्रधानाध्यापक / जिला संगठन मंत्री
प्राथमिक विद्यालय मुजफ्फरपुर
विकासखंड सिधौली

संजय पाण्डेय
प्रधानाध्यापक
प्राथमिक विद्यालय जमालपुर
विकासखंड पुवायां

देवदत्त मिश्रा
प्रधानाध्यापक
कंपोजिट विद्यालय रेहरिया
विकासखंड सिधौली




अनिल कुमार सिंह
प्रधानाध्यापक
कंपोजिट विद्यालय ग्राम पंचायत
भंडेरी विकासखंड सिधौली

सत्येंद्र सिंह चौहान
प्रधानाध्यापक / वरिष्ठ ब्लाक उपाध्यक्ष
प्राथमिक विद्यालय आमडार
विकासखंड सिधौली

# जिला पंचायत 50.39 करोड़ से कराएगी विकास कार्य

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

## बैठक में जनप्रतिनिधियों ने उठाया परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी का मुद्दा

**अमृत विचारः** जिला पंचायत बोर्ड की बैठक शनिवार को विकास भवन सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना रहे। बैठक में जिला पंचायत का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2023-24 का 77.35 और मूल अनुमान 2024-25 बजट 50.39 करोड़ पर आम सहमति से पास हुआ। वित्तमंत्री ने विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्रा ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि ददरौल ब्लॉक के सहदेवपुर कंपोजिट विद्यालय में 19 शिक्षक तैनात है, जबकि कांट के गोपालपुर में एक भी शिक्षक नहीं है। जिस कारण स्कूल बंद रहता है। इस पर विधायक तिलहर, जलालाबाद, कटरा ने हामी भरते हुए अपने-अपने क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षकों की कमी की बात रखी। इसका संज्ञान लेते हुए वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बीएसए से कहा कि ऐसे कितने स्कूल है, जो बंद पड़े है। जहां पर शिक्षकों की कमी या शिक्षक नहीं है। बीएसए ने बताया कि 20-25 स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। वित्त मंत्री ने कहा कि इन स्कूलों की सूची उपलब्ध कराओ। जिसको शासन स्तर पर रखकर शिक्षकों की समस्या दूर कर सके। बैठक के दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नीरज मिश्रा ने हर घर जल योजना के तहत खोदी गई सड़कों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ठेकेदार ने सड़कों को खोदकर डाल दिया है, लेकिन मरम्मत नहीं कराई गई है। जिसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार पर सख्ती करते हुए मार्गों को पहले जैसा कराया जाना चाहिए। उन्होंने एक बार फिर कुर्रिया कला में राजकीय पुस्तकालय बनवाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को भारी सुविधा होगी। इस दौरान सीडीओ एसबी सिंह, सांसद अरुण सागर, विधायक हरिप्रकाश वर्मा, विधायक चेतराम, विधायक वीर विक्रम सिंह, विधायक सलोना कुशवाहा, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, वीरेंद्र पाल सिंह यादव आदि मौजूद रहे।



बैठक करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना व अन्य। ● अमृत विचार

- पुनरीक्षित बजट वर्ष 2023-24 व मूल अनुमान 2024-25 पर हुई चर्चा
- जिला पंचायत बोर्ड के सदस्यों ने सर्वसम्मति से पास किया बजट

### डीसी मनरेगा पर लगा अनियमितता का आरोप

**शाहजहांपुर।** जिला पंचायत की बैठक हंगामेदार रही। जिसमे जिला पंचायत सदस्यों ने कई समस्याएं गिनाईं। जिला पंचायत सदस्य रूम सिंह यादव ने कई शिकायते कीं और उनके समाधान की बात की। बैठक के दौरान डीसी मनरेगा पर अनियमितताओं का आरोप जिला पंचायत सदस्यों लगाया। बिजली विभाग की सबसे अधिक शिकायतें आईं। स्वास्थ्य विभाग की स्थिति संतोषजनक निकली। जिला पंचायत सदस्य रूम सिंह यादव ने कई समस्याएं गिनाईं। वित्त मंत्री जिला पंचायत सदस्य और अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि बहुत ध्यान से हर कार्य को करना है।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


# साले की हत्या का आरोपी जलालाबाद के चेयरमैन का भाई गिरफ्तार, जेल भेजा

## भतीजी को ले जाने पर पिछले पांच सालों से बेइज्जती महसूस कर रहा था कामिल

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जलालाबाद पुलिस ने निहाल हत्याकांड में चेयरमैन के हत्यारोपी भाई कामिल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से देशी राइफल बरामद की है। पुलिस के मुताबिक निहाल पांच साल पहले हत्यारोपी कामिल की भतीजी को अगवा करके ले गया था। इससे कामिल अपनी बेइज्जती महसूस कर रहा था। इसी का बदला लेने को उसने निहाल गोली मारकर हत्या कर दी है।

21 फरवरी को जलालाबाद नगर पालिका चेयरमैन शकील खां के बेटे अब्दुल रज्जाक की गांव सुल्तानपुर में शादी की चौथी थी। इसमें चेयरमैन का साला निहाल परिवार सहित मुंबई से आया हुआ था। रात को कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन के भाई कामिल खां ने राइफल से गोली मारकर निहाल की हत्या कर दी थी। मृतक निहाल की पत्नी रुखसार निवासी बदलपुरा मुम्बई ने हत्यारोपी कामिल खां के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद हत्यारोपी फरार हो गया था। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह आठ बजे उन्हें सूचना मिली कि हत्यारोपी कामिल खां सलेमपुर भट्टे के निकट खड़ा है। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त राइफल, एक खोखा व दो कारतूस बरामद किए हैं। हालांकि चर्चा यह भी है कि शुक्रवार रात हत्यारोपी कामिल खुद थाने पहुंचा था। पूछताछ के दौरान कामिल खां ने बताया कि पांच साल पहले उसकी भतीजी को निहाल खां व उसका भाई कमाल खां अगवा करके ले गए थे। आरोपी के परिवार वालों ने मुकदमा दर्ज नहीं होने दिया था। इससे उसकी बेइज्जती हुई थी। 17 फरवरी को शादी में चेयरमैन के बेटे अब्दुल रज्जाक की शादी थी। वह उसी दिन निहाल को ठिकाने लगाने को था, लेकिन मौका नहीं मिला। इस समारोह में उसके परिवार की कोई इज्जत नहीं थी। बल्कि उसे बेइज्जती महसूस हो रही थी। इसी कारण निहाल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने पूछताछ के बाद हत्यारोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक महेश कुमार, सिपाही सुमित कुमार रहे।


पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी कामिल।

**निहाल हत्याकांड**

- **पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त राइफल और कारतूस बरामद किए**

हत्यारोपी कामिल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से हत्या में प्रयुक्त राइफल और कारतूस बरामद किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना का कबूल किया है। मृतक दाऊद का रिश्तेदार था या नहीं इसकी कोई जानकारी नहीं है और न ही रिपोर्ट में आया है। आरोपी को चालान कर दिया गया है।
**-मनोज कुमार अवस्थी**, एएसपी ग्रामीण

## दो पक्षों में डंडे चले दो लोग घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** खुदागंज थाना क्षेत्र के पच्चड़ निवासी जितेंद्र सिंह शुक्रवार को दिन में पौने तीन बजे खेत पर पापुलर के पेड़ लगा रहा था। गांव का भूपेंद्र सिंह अपने साथियों के साथ नाजायज असलहा, डंडे लेकर खेत पर आ गए और पापुलर के पेड़ लगाने के लिए मना किया। इस दौरान आरोपी गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने जितेंद्र सिंह को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने भूपेंद्र सिंह, अनंगपाल सिंह, सौरभ सिंह समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दूसरे पक्ष के अनंगपाल सिंह निवासी पच्चड़ ने बताया कि शुक्रवार को दिन में दो बजे खेत पर फसल में पानी लगा रहा था। गांव का जितेंद्र सिंह अपने साथियों के साथ तमंचा, डंडे लेकर खेत पर आए। आरोपी उसे गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने अनंगपाल सिंह को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र सिंह, अतुल सिंह, शिवराम सिंह, हरीराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कोर्ट में पूर्व समाज कल्याण अधिकारी ने किया सरेंडर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **ढाई करोड़ के घोटाले में फरार चल रहा था मुख्य आरोपी**
- **पुलिस कर रही थी गिरफ्तार करने का प्रयास**

पूर्व समाज कल्याण अधिकारी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। वह काफी समय से फरार चल रहे थे। पुलिस उनकी तलाश कर रही थी।
**- रविंद्र सिंह**, इंस्पेक्टर सदर कोतवाली

**अमृत विचार:** पूर्व समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार की गिरफ्तारी में पुलिस फेल रही है। लंबे समय से पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास कर रही थी, लेकिन वह पकड़ में नहीं आए। आखिरकार शनिवार को उन्होंने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

वृद्धावस्था पेंशन घोटाला लगभग ढाई करोड़ रुपये का है। 2390 बुजुर्गों की पेंशन का पैसा जालसाजों ने अपने चहेतों के खाते में भेजकर हड़प लिया। मामले का खुलासा 5 अप्रैल 2023 को उस वक्त हुआ था जब शासन ने तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार को निलंबित कर दिया था।

इसके बाद 20 सितंबर को जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह ने घोटाले की रिपोर्ट सदर थाने में दर्ज कराई। जिसमें कहा गया था कि पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार ही शामिल नहीं थे बल्कि आठ अन्य लोग भी थे।

जिनमें सीतापुर का निवासी विशाल सक्सेना व सूरज, शाहजहांपुर का निवासी साकिब, सीतापुर का निवासी खुशाल, कांट शाहजहांपुर निवासी प्रियांशु शर्मा, खपरीपुर सदर बाजार शाहजहांपुर का निवासी राम औतार, निकरा शाहजहांपुर निवासी सतीश कश्यप, पलहौरा कांट निवासी पप्पू भी शामिल हैं। वर्तमान में घोटाला केस की विवेचना क्राइम ब्रांच कर रही है। अब तक एक बिचौलिया ही गिरफ्तार किया जा सका है।

## एक नजर

### स्कूल पढ़ने गई छात्रा लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाहजहांपुर।** खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव भाऊपुर निवासी सोनपाल ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री अम्बिका 19 फरवरी को सुबह नौ बजे खुदागंज विद्यालय में पढ़ने गई थी। वह विद्यालय से वापस लौटकर नहीं आई। परिवार वालों पता किया तो मालूम हुआ कि वह विद्यालय नहीं पहुंची। उन्होंने रिश्तेदारियों में तलाश किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज नहीं की है।

### दो भाइयों को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव दिउरिया निवासी सुनील सिंह ने बताया कि गुरुवार की रात आठ बजे गांव के वीरपाल आदि उसके मकान की लाइट का केबिल खींचने लगे। उन्होंने आरोपियों से केबिल खींचने के लिए मना किया। इस दौरान विवाद हो जाने पर आरोपियों ने सुनील सिंह को पीटकर घायल कर दिया। उसका भाई धर्मेंद्र सिंह बचाने के लिए आया तो आरोपियों ने उसे भी मारा पीटा। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने वीरपाल सिंह, कल्लू सिंह, मिन्टू, शिवसरन सिंह के खिलाफ मारपीट आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सीतापुर गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**खुटार।** क्षेत्र के गांव सीतापुर निवासी सुनील ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके खेत में गन्ना की फसल खड़ी है। शनिवार को मोहम्मद इब्राहिम ने उसके खेत से ट्रैक्टर-ट्रॉली निकाल दिया। जिससे काफी गन्ने टूट गए। शिकायत करने पर मोहम्मद इब्राहिम, छोटे लल्ला, आसिफ ने गाली गलौज की। विरोध करने पर पिटाई कर दी। उधर, इब्राहिम ने बताया कि सुनील और उसकी पत्नी नन्ही देवी, पुत्र सलमान आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध में पीट दिया। इस मामले में दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### संविदा कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेश अवस्थी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक को पत्र भेजकर जिला अस्पताल में कार्यरत संविदा कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भेजे गए पत्र में कहा गया है कि संविदा कर्मचारी ने भ्रष्ट आचरण अपना रखा है, लोगों के साथ दुर्व्यवहार और तानाशाही रवैये की शिकायतें हैं। संविदा कर्मचारी के खिलाफ की गई शिकायतों पर संबंधित जांच अधिकारी अपनी रिपोर्ट उसी के पक्ष में लगा देते हैं, जिससे मिलीभगत उजागर हो रही है। जिलाध्यक्ष ने भेजे गए पत्र में आगे कहा है कि यदि किसी अन्य विभाग के सक्षम अधिकारी से जांच कराकर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन की ओर से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने इसकी एक-एक प्रति प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री को भी भेजी है।

## सतवा बुजुर्ग गांव में चोरों का धावा, सीसी टीवी कैमरा तोड़ा

संवाददाता, पुवायां

- **घरों में घुसे पर वारदात को अंजाम देने में नाकाम रहे चोर**

**अमृत विचार :** चोरों ने सतवा बुजुर्ग के दो घरों में चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। शुक्रवार की रात लगभग आधा दर्जन से अधिक ढाटाधारी चोरों ने गांव सतवां बुजुर्ग निवासी राजीव मिश्रा पुत्र गिरजा शंकर मिश्रा के गांव के पूरब बाहर बने मकान में घुसने का प्रयास किया।

चोर चोरी करने में असफल रहे। तब उन्होंने मकान के फाटक पर लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया। वहीं, गांव के ही ओमप्रकाश मिश्रा उर्फ पिक्की पुत्र छत्रपाल के घर में चोर दाखिल हो गए और उन्होंने घर में बने कमरे के दरवाजे का कुंडा और ताला तोड़ दिया। कुछ सामान इधर-उधर बिखेर दिया, लेकिन चोरी की घटना को अंजाम देने में नाकाम रहे। शनिवार सुबह जब दोनों घरों के मकान मालिक जागे, तब उन्हे चोरों के घर में घुसने की जानकारी हुई। जिसके बाद उन्होंने घटना के बारे में कोतवाल प्रदीप राय को जानकारी दी। जानकारी पाकर कोतवाल मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों चोरी के प्रयास वाले स्थान पर मौका मुआयना किया। चोरों की आवाजाही से गांव में डर का माहौल बना हुआ है। वहीं दूसरी तरफ गांव सिरखिड़ी में चोरों ने गांव के अजय चंद्र बाजपेई पुत्र रामनरेश के घर का दरवाजा खोलने का प्रयास किया, लेकिन जाग होने पर भाग गए। चो

# कंटेनर की टक्कर लगने के बाद डीसीएम के चालक की मौत

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** गोला मार्ग पर निहालपुर के पास शुक्रवार रात एक कंटेनर और डीसीएम की टक्कर हो गई। इसके बाद डीसीएम चालक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस हादसे में मौत होने की बात कह रही है। जबकि प्रत्यक्षदर्शी दोनों के बीच मारपीट होने की बात कह रहे हैं। पुलिस ने कंटेनर के चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू।

जनपद रामपुर के थाना खजुरिया कलां के गांव जौरासी निवासी चालक गुरमीत सिंह (25) डीसीएम में मटर लेकर कंडक्टर के साथ बहेड़ी से लखनऊ जा रहा था। उधर, चालक डालचंद कंटेनर में सामान लोड करके सिलीगुड़ी से असम जा रहा था। शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे गोला रोड पर निहालपुर के पास ओवरटेक करते समय कंटेनर और डीसीएम की टक्कर हो गई। इससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। डीसीएम चालक गुरमीत सिंह की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर कंटेनर चालक को हिरासत में लिया।

वहीं, चर्चा है कि हादसे के बाद कंटेनर व डीसीएम चालक के बीच मारपीट हुई थी। इसमें डीसीएम चालक की मौत हुई। जबकि माना जा रहा है कि चालक ने वाहन रोककर कंटेनर पर चढ़कर चालक से हाथापाई की। इसी बीच चालक ने कंटेनर भगा दिया। तभी डीसीएम लेकर कंडक्टर पीछे दौड़ा होगा। इस बीच चालक ने कंटेनर में ब्रेक लगा दिए, जिससे गुरमीत नीचे गिर गया, और पीछे आ रही डीसीएम के नीचे आकर उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद कंडक्टर फरार हो गया। पुलिस को कंडक्टर के बारे में कोई जानकारी नहीं हो पाई है। क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को थाने में खड़ा कर लिया है। पुलिस ने गुरमीत सिंह के परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस को इस मामले में तहरीर नहीं दी गई है।


टक्कर लगने से क्षतिग्रस्त कंटेनर।


हादसे में क्षतिग्रस्त डीसीएम

- **खुटार-गोला मार्ग पर शुक्रवार रात हुई घटना, पुलिस कह रही हादसे में गई डीसीएम चालक की जान**

मैं छुट्टी से वापस आया हूं। मामले की पूरी जानकारी की जा रही है। मारपीट जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। प्रथम दृष्टया मामला हादसे का लग रहा है। किसी के द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
**-संजय कुमार**, थानाध्यक्ष खुटार

### तिकुनियां में हुआ झगड़ा, गोला में मारपीट, फिर मौत

डीसीएम चालक गुरमीत सिंह की मौत कैसे हुई है। इस बात को लेकर सभी हैरान है। हालांकि पुलिस पकड़े गए कंटेनर चालक से पूछताछ कर रही है। चर्चा है कि शुक्रवार रात पहले तो तिकुनियां पर कंटेनर और डीसीएम चालक के बीच झगड़ा हुआ था। वहां से शांत होने के बाद एक साथ गोला की ओर रवाना हुए। गोला रोड पर निहालपुर के पास ओवरटेक के चलते दोनों वाहन आपस में टकराने से साइड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन रोकने के बाद दोनों में मारपीट शुरू हो गई। इस बीच चालक गुरमीत सिंह की मौत हो गई और कंडक्टर फरार हो गया।

### हादसे के बाद गोला रोड ढाई घंटे रहा जाम

कंटेनर और डीसीएम की टक्कर होने के बाद गोला रोड पर दोनों और वाहनों की कई किमी लंबी लाइन लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कंटेनर व डीसीएम को सड़क किनारे कराया गया। करीब ढाई घंटे बाद आवागमन शुरू हो पाया। पुलिस को आवागमन शुरू कराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# जिले के नौ स्वास्थ्य केंद्र कायाकल्प अवार्ड योजना के लिए चयनित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** कायाकल्प अवार्ड योजना के तहत वर्ष 2022-23 मंडल में जिले के नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों अवार्ड के लिए नामित किए गए हैं। सीएमओ डा आरके गौतम ने बताया कि जिले को एक बड़ी कामयाबी मिली है। कायाकल्प अवार्ड योजना के तहत जिले के नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निगोही, कटरा, तिलहर, जैतीपुर, जलालाबाद, मिर्जापुर, भावलखेड़ा, ददरौल एवं सिंधौली केंद्र ने एक बड़े मुकाम हासिल किया है।

कायाकल्प अवार्ड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निगोही 89,14 प्रतिशत, कटरा 81,29 प्रतिशत, तिलहर 81,14 प्रतिशत जैतीपुर 78,71 प्रतिशत, जलालाबाद 78,29, मिर्जापुर 72,34 प्रतिशत, भावलखेड़ा 71,71 प्रतिशत, ददरौल 71,71 प्रतिशत, सिंधौली 71,29 प्रतिशत स्कोर प्राप्त किया है। सीएमओ ने सभी अधीक्षकों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि सभी स्टाफ ने कड़ी मेहनत करके अगली बार जिले जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को कायाकल्प अवार्ड लेने के लिए सकरात्मक सोच बनाकर प्रयास करने की जरुरत है। क्ववालिटी परामर्शदाता डा तौकीर नवी ने बताया कि कायाकल्प योजना में तीन चरण होते है, जिसमें 350 चेक प्वाइंट, के एक चेक लिस्ट के माध्यम से मुल्यांकन किया जाता है। यदि स्कोर 70 प्रतिशत से कम है तो गैप एनासिस करके गैप को पूर्ण करने के उपरांत मूल्यांकन किया जाता है। दूसरे चरण में पीयर असेंसमेंट के लिए राज्य स्तर से नामित किसी दूसरे जिले की टीम को भेजकर किया जाता है। तीसरे चरण के लिए राज्य स्तरीय की टीम एक्सटर्नल असेसमेंट के लिए आती है। सीएमओ ने अधीक्षकों को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएचसी के अधीक्षक मौजूद रहे।



चिकित्सा अधीक्षक को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित करते सीएमओ डॉ. आरके गौतम।

- **सीएमओ ने अधीक्षकों को प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित**

## एसपी के आदेश पर किशोरी को अगवा करने की रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कांट थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बहन एक माह पूर्व शाम सात बजे गांव में किसी के घर गई थी। वह रात नौ बजे तक वापस नहीं आई तो परिवार वालों को चिंता हुई। परिवार वालों ने उसकी तलाश करते रहे। परिवार वालों को तीन दिन बाद पता चला कि मदनापुर थाना क्षेत्र का छविराम सिंह उसकी बहन को अगवा करके ले गया है। उसकी बहन को अगवा कराने में अन्य लोगों का भी हाथ है। आरोपी गांव में एक रिश्तेदार के यहां आता-जाता है। वह आरोपियों के घर पर परिवार वालों से मिला और कहा कि उसकी बेटी बता दो, कहां है। आरोपी के परिवार वालों ने उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। रिपोर्ट दर्ज न होने पर पीड़ित एसपी से मिला। पुलिस ने एसपी के आदेश पर आरोपी छविराम सिंह, संग्राम सिंह, बलराम सिंह के खिलाफ विभिन्न धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# पलायन करने वाले परिवार को पुलिस ने गांव पहुंचाया

संवाददाता, निगोही

- **विरोधियों के डर से रिश्तेदारी में शरण लिए था पूरा परिवार**

**अमृत विचार:** नौ माह पहले गांव से पलायन कर गए तीन सगे भाइयों और उनके परिवार को न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सुरक्षा के साथ शनिवार को उनके गांव पहुंचा दिया। अभी तक यह लोग रिश्तेदारियों में शरण लिए हुए थे।

थाना बंडा के गांव भितिया निवासी अंकित कुमार का निगोही क्षेत्र के गांव रघवापुर खुर्द निवासी बहनोई रजनीश के यहां आना-जाना था। रघवापुर के अन्य बिरादरी की लड़की से अंकित का प्रेम-प्रसंग हो गया और वह लड़की लेकर चला गया था। इसी बात को लेकर बीते वर्ष मई माह में गांव में तनाव की स्थिति हो गई थी। लड़की पक्ष और रजनीश पक्ष में मारपीट हो गई थी, जिस पर रजनीश ने विपक्षियों पर हरिजन एक्ट और मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। इस घटना के बाद डर की वजह से रजनीश अपने भाइयों बेनीराम और राजीव के साथ गांव से पलायन कर गए थे। शनिवार को न्यायालय के आदेश पर पुलिस के उच्चाधिकारियों के सहयोग से निगोही पुलिस ने तीनों भाइयों के परिवारों को घर वापसी कराई और गांव जाकर विपक्षियों को हिदायत दी की कोई अप्रिय घटना नहीं होनी चाहिए।

### खुटार इलाके से महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

**खुटार।** क्षेत्र के गांव राठ निवासी राधेश्याम ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी सावित्री देवी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। 21 फरवरी को उसकी पत्नी घर से कहीं चली गई। जानकारी होने पर आसपड़ोस और रिश्तेदारों में तलाश किया। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। उसने पुलिस को तहरीर देकर पत्नी की बरामदगी कराए जाने की मांग की है। शनिवार को पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

## जमीन पर कब्जा करने की नीयत से शुरू कराया निर्माण कार्य

**खुटार, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव गुरधिया निवासी सियाराम की पत्नी रामकली ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी जमीन गांव सिहुरा खुर्द कलां में स्थित है। आरोप है कि गांव हिटौटा निवासी दो लोग उसकी भूमि पर कब्जा करने की नीयत से खेत के सामने छप्पर डाल दिया है।

आरोप है कि मना करने पर पिटाई पर आमादा हो जाते हैं। जबकि पक्का निर्माण कार्य कर रहे हैं। इस मामले में खुटार पुलिस को भी तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। रामकली ने बताया कि पति को यह भूमि विरासत में मिली हुई है। लेकिन पुलिस से शिकायत करने पर कहा कि पीडब्ल्यूडी की भूमि पर निर्माण कार्य कर रहे हैं। उसकी भूमि के बाद खुटार-पूरनपुर रोड है। इसके बीच में कोई भूमि नहीं है। पीड़ित रामकली ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर जांच कराकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।



एसडीओ को ज्ञापन देते संविदा कर्मचारी। • अमृत विचार

## बकाया वेतन की मांग को लेकर संविदा कर्मियों ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** विद्युत संविदा कर्मियों ने दो माह के बकाया वेतन की मांग को लेकर हाइडिल पर जमा होकर एसडीओ हरिओम को ज्ञापन दिया। संविदा कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया वापस लिया। संविदा कर्मचारियों ने दिए गए ज्ञापन में बताया कि दो माह से उनको वेतन नहीं मिला है। परिवार के पालन पोषण में दिक्कत आ रही है। एसडीओ ने आश्वासन दिया कि शीघ्र बकाया वेतन का भुगतान हो जाएगा। ज्ञापन देने वालों में पकंज शर्मा, रमेश चंद्र, सौरभ सिंह, सर्वेश कुमार, महावीर प्रसाद, श्रवण कुमार, विजय कुमार, मोहम्मद तालिब, अजहर अंसारी आदि थे।

# काल बनकर दौड़ रहे ट्रैक्टर-ट्राली...हादसों के बाद भी नहीं जागे जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **जिले में ट्रैक्टर-ट्राली से होने वाले हादसों में लगातार जा रही लोगों की जान**
- **एआरटीओ तीन माह के दौरान 23 ट्रैक्टर-ट्राली का चालान करने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे**

ट्रैक्टर-ट्रॉली पर ओवरलोड सामान लेकर चलने वालों पर कार्रवाई लगातार की जाती है। समय-समय पर लोगों को जागरूक करते रहते हैं। बीते तीन माह के दौरान विभाग की ओर से 23 ट्रैक्टर-ट्राली का चालान किया गया।
**-शांति भूषण पांडेय**, एआरटीओ, प्रवर्तन

**अमृत विचार :** सड़कों पर ट्रैक्टर-ट्राली काल बनकर दौड़ रहे हैं। जिले में ट्रैक्टर-ट्राली से होने वाले हादसों में लोगों की जान जा रही है। मगर जिम्मेदारों को इसकी कोई परवाह नहीं है। खेती-किसानी के लिए खरीदे गए ट्रैक्टर-ट्राली को सवारी गाड़ी के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। खास बात यह कि बेकाबू गति से ट्रैक्टर-ट्राली दौड़ाने वाले अधिकांश चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं होता है। वहीं, एआरटीओ बीते तीन माह के दौरान 23 ट्रैक्टर-ट्राली का चालान किए जाने बात कह रहे हैं।

अप्रैल वर्ष 2023 में तिलहर थाना क्षेत्र गांव बिरसिंहपुर और गुलरिया के बीच स्थित गर्रा नदी के पुल से ट्रैक्टर-ट्रॉली नीचे गिर गई थी। इसमें बच्चों और महिलाओं समेत 12 लोगों की जान चली गई थी। तब लगा था कि प्रशासन इस बड़ी घटना सबक लेते हुए तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली दौड़ाने वालों पर कोई कार्रवाई करेगा और लोग भी सबक लेंगे, कुछ समय बाद लोग इस बड़े हादसे को भूल गए और खेत-खलिहानों से लेकर हाईवे ट्रैक्टर-ट्रॉली की तेज रफ्तार पर ब्रेक नहीं लग पाए और लोग आए दिन हादसे का शिकार हो रहे हैं।

19 फरवरी थाना मिर्जापुर क्षेत्र में संतनपाल सिंह मेडिकल कॉलेज के आगे पेट्रोल पंप के पास आलू भरकर आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ओवरटेक करते हुए श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को साइड से टक्कर मार दी थी। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली असंतुलित होकर पलट गई थी। इस घटना में बदायूं के कस्बा उझानी निवासी उमेश की पत्नी 40 वर्षीय अरुणा देवी और गियूड़ी निवासी विकेश की तीन वर्षीय बेटी सुहानी की मौत हो गई थी। जबकि 17 लोग घायल हो गए थे।

### 16 फरवरी- तेज रफ्तार ट्रैक्टर के अचानक ब्रेक लगाने पर ट्रॉली से गिरे युवक की चली गई थी जान

**शाहजहांपुर।** मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव भौती निवासी तुलसी कश्यप की ट्रैक्टर-ट्रॉली से गांव के तीन दर्जन लोग गंगा स्नान के लिए ढाईघाट जा रहे थे। रास्ते में पृथ्वीपुर गांव के सामने साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में चालक तुलसी कश्यप ने अचानक ट्रैक्टर के ब्रेक लगाए, जिससे अनियंत्रित होकर ट्रॉली एक साइड में तिरछी हो गयी। ट्रॉली पर सवार महिला समेत 13 लोग नीचे गिर गए। जिसमें भौती गांव के 40 वर्षीय सुरेश कुमार की जान चली गई। जबकि 12 लोग घायल हो गए।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में हो गई थी बाइक सवार की मौत

**2 फरवरी**

पुवायां के बड़ागांव निवासी 35 वर्षीय पुष्पेंद्र कुमार अपनी बहन 30 वर्षीय शिखा और उसके पांच वर्षीय बेटे प्रशांत को फर्रुखाबाद के थाना शमशाबाद के गांव गढ़िया से बाइक से बड़ागांव स्थित घर लौट रहा था। शाहजहांपुर से हुए जब वह बड़ागांव के नजदीक पहुंचा, तभी उसकी बाइक को तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी थी। जिसमें पुष्पेंद्र की जान चली गई थी। जबकि उसकी बहन और भांजा घायल हो गया था।

### डिबाइडर पर चढ़कर पलटी थी ट्रैक्टर-ट्रॉली, दो भाइयों और मामा की चली गई थी जान

**7 नवंबर**

थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला मिश्रीपुर निवासी 30 वर्षीय अमरदीप उर्फ कल्लू और उसके दोनों भाई 23 वर्षीय अंकित और छोटेलाल उर्फ छोटू और मामा राजकुमार तिलहर क्षेत्र से ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर लौट रहे थे, तभी रास्ते में हाईवे पर नगरिया मोड़ के पास एंबुलेंस से टकराने के बाद अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। जिसमें अमरदीप उर्फ कल्लू और उसके भाई अंकित, राजकुमार की मौत हो गई थी। छोटेलाल उर्फ छोटू घायल हो गया था। तीनों मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ले ली थी मेरठ के बाइक मिस्त्री की जान

**11 दिसंबर**

नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने तिलहर कौशल पेट्रोल पंप के सामने बाइक को साइड से टक्कर मार दी थी, जिसमें उसकी जान चली गई। जिसमें बाइक सवार मेरठ निवासी 30 वर्षीय योगेश की मौत हो गई थी। वह फैजाबाद के कौशल नगर में रहकर गाड़ियों के एक्सेल बनाने का कार्य करता था। वह बाइक से फैजाबाद से अपने घर मेरठ जा रहा था।

# खो-खो में ग्लेरिंग स्कूल विजेता और कैंट क्लब उप विजेता बना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में विकास खंड भावलखेड़ा के ग्लेरिंग पब्लिक स्कूल में खेलकूद आयोजित किए गए। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में प्रतिभाग कर पुरस्कार जीते।

खो-खो में ग्लेरिंग पब्लिक स्कूल की टीम विजेता और कैंट क्लब की टीम उप विजेता रही। रस्साकशी में भावलखेड़ा विजेता और हथौड़ा टीम उपविजेता रही। वॉलीबाल में खानपुर की टीम विजयी और दिउरिया की टीम उपविजेता रही। कबड्डी में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिलहर की टीम विजेता और भटपुरा की टीम उपविजेता बनी। इससे पहले प्रतियोगिता ब्लॉक प्रमुख राजाराम वर्मा, शिक्षक नेता मुनीश मिश्र और ग्लेरिंग स्कूल के प्रबंधक डॉ. आशुतोष शुक्ल ने आरंभ कराई। विजेताओं और उप विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।



पुरस्कारों के साथ विजेता खिलाड़ी और मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

आयोजन में नितिन मिश्रा, नेहा वर्मा, अतुल सिंह, रवि सक्सेना, अंतिमा गौतम, शिवानी वर्मा, अंशुल, सुप्रिया, प्रियंका, अंजली, ओवेश खान, श्रुति शुक्ला, प्रभा वर्मा आदि का सहयोग रहा।

# एसपी के सामने पहुंचा मंदिर पर अवैध कब्जे का मामला

## जलालाबाद कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में एकत्र होकर पहुंचे गांव खंडहर के ग्रामीण

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचारः** कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में गांव खंडहर के तमाम ग्रामीण सामूहिक रूप से पहुंचे। जहां उन्होंने तीन समस्याओं को लेकर एक एसपी अशोक कुमार मीणा को शिकायती पत्र दिया दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक सार्वजनिक मंदिर बना हुआ है। जिसे गांव के लोगों ने आर्थिक सहयोग से बनवाया था। सभी ग्रामवासी वर्षों से उसमें पूजा पाठ करते चले आ रहे हैं। उस मंदिर पर गांव के ही पांच लोगों ने कब्जा कर रखा है। उन्होंने मंदिर के कपाट में ताले डाल दिए हैं। गांव के लोगों को साथ ही मंदिर में बच्चों खेलने जाते हैं तो उनके साथ भी मारपीट करते हैं। शिकायत करने पर आरोपी झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी देते हैं।

वहीं, गांव के ही गामा देवी पत्नी मुंशीलाल ने बताया कि उनके पुत्रों का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, जिसमें और उनका एक बटा तीन भाग का हिस्सा है। उसकी जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। कब्जा छोड़ने के लिए कहा तभी आरोपियों ने घर घुसकर मारपीट की। जिसकी रिपोर्ट दर्ज है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी जान से मारने व झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी देते रहते हैं। बिटाना ने शिकायती पत्र देकर बताया कि आरोपी शौचालय का गंदा पानी उसके खेत में छोड़ रहे हैं, जिससे उनकी दो बीघा फसल बर्बाद हो गई है। शिकायत करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस अधीक्षक ने नायब तहसीलदार को पुलिस के सब इंस्पेक्टर की टीम बनाकर घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### जलालबाद में समाधान दिवस में पहुंची 10 शिकायतें

**जलालाबाद।** कोतवाली में एसपी अशोक कुमार मीणा-एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार ने थाना समाधान दिवस में जनता की समस्याएं सुनी। जिसमें 10 शिकायतें आईं। थाना पर आए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों ने पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गंभीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। समाधान दिवस में सीओ अजय कुमार राय, कोतवाल हरपाल सिंह बालियान एवं नायब तहसीलदार सत्येंद्र कटियार, हल्का के लेखपाल मौजूद रहे।

### पुवायां में समाधान दिवस में पहुंचीं पांच शिकायतें

**पुवायां।** थाना समाधान दिवस में रस्म अदायगी भर रह गया है। जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक अपनी हाजिरी लगाकर चले जाते हैं। आम जनता का भरोसा इन आयोजनों से धीरे-धीरे कम होता जा रहा है क्योंकि जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सरकार की ओर से इन समाधान दिवसों का आयोजन शुरू करवाया गया था, लेकिन सरकार की मंशा के अनुसार शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा है। शनिवार को पुवायां में सिर्फ पांच शिकायतें आईं।

### पांच शिकायतें आईं, दो का हो सका निस्तारण

**तिलहर।** संपूर्ण थाना दिवस में नायब तहसीलदार निकहत सिद्दीकी और कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह ने समस्याओं को सुना। कुल पांच शिकायतों में दो का निस्तारण किया गया। ग्राम बडेपुर निवासी आसिफ ने गांव के ही नन्हे, वसीम सहित कुछ लोगों पर खेत से ट्रैक्टर निकाल कर गेहूं की फसल नष्ट करने और यूकेलिप्टस के पेड़ों को तोड़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। जबकि ग्राम शेरपुर की नेमवती ने गांव के दबंगों पर कृषि भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया। उधर, ग्राम परासिन निवासी नन्हे सिंह ने अपने पड़ोसी खेत स्वामी कल्याण सिंह पर खेत की मेड तोड़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी।




# न्यूमेरिकल और डायग्राम के सही उपयोग से पाएं पूरे अंक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● विज्ञान विषय विशेषज्ञ ब्यूटी ने यूपी बोर्ड के हाईस्कूल परीक्षार्थियों को दिए उपयोगी सुझाव



प्रधानाचार्य ब्यूटी।

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की चल रही हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे विज्ञान विषय के परीक्षार्थियों के लिए विज्ञान विषय विशेषज्ञ ब्यूटी ने उपयोगी टिप्स दिए हैं। उन्होंने बताया कि 29 फरवरी को होने वाली विज्ञान विषय की परीक्षा के लिए यह समय तैयारी के दृष्टिकोण से बहुत उपयोगी है, इसलिए सभी छात्र/छात्राएं न्यूमेरिकल और डायग्राम की सही तरीके से तैयारी करें, जो पूरे अंक दिलाने में मदद करते हैं।

श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य ब्यूटी ने छात्र-छात्राओं को सुझाव दिया है कि न्यूमेरिकल आधारित प्रश्नों को विशेष रूप से तैयार किया जाना चाहिए। इस प्रकार के प्रश्न पूरे अंक दिलाने में पूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा किह विज्ञान में भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान का समावेश रहता है। विज्ञान के पेपर में दो खंड होते हैं। खंड क में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे, जबकि खंड ख में भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान पर आधारित प्रश्न आएंगे। पूरा प्रश्नपत्र 70 अंकों का होगा। न्यूमेरिकल आधारित प्रश्न संतुलित रासायनिक समीकरण, हाइड्रोकार्बन की दहन अभिक्रिया, कार्बनिक यौगिक में प्रतिस्थापन अभिक्रिया, हाइड्रोजनीकरण आदि टॉपिक महत्वपूर्ण हैं। विज्ञान में अच्छे अंकों के लिए परीक्षार्थिओं को तत्वों के नाम, रासायनिक नाम, उनके परमाणु भार, परमाणु क्रमांक जैसी बुनियादी जानकारी विशेष रूप से परीक्षा में लिखना चाहिए।

### परीक्षा में क्या करें

- रटने के बजाय बहुविकल्पीय प्रश्नों के टॉपिक को ध्यान में रखें।
- प्रश्नों को भली प्रकार समझ कर ही हल करने का प्रयास करें।
- अच्छे स्कोर के लिए पूर्वाभ्यास अवश्य करें और तथ्यों को समझें।
- जीव विज्ञान में वर्गीकरण से संबंधित अध्याय चार्ट तैयार करें।
- आसान सवाल से शुरु करें और अंत तक सवाल हल करते जाएं।
- प्रश्नपत्र देखकर घबराएं नहीं, बल्कि धैर्य से तनाव रहित होकर प्रश्नों को हल करें।

# पढ़े भारत-बढ़े भारत के प्रति लोगों को किया जागरूक




एसएस कॉलेज के एनएसएस शिविर को संबोधित करते प्रोफेसर प्रभात शुक्ला।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर शनिवार को जारी रहा। दूसरे दिन पढ़े भारत-बढ़े भारत विषय पर चलाया गया।

शिविर के कार्य सत्र में कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार यादव के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने स्लोगन एवं पोस्टर के माध्यम से पढ़े भारत-बढ़े भारत विषय पर अजीजगंज के ग्रामीणों को जागरूक किया। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि शिक्षा संकाय के वरिष्ठ आचार्य प्रोफेसर प्रभात शुक्ला ने कहा कि भारत में प्रत्येक नागरिक को बेसिक शिक्षा का मौलिक अधिकार दिया गया हैं। साक्षरता के इस अभियान से जुड़कर वह अपने जीवन के सारे सपने साकार कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुजीत कुमार वर्मा ने स्वयंसेवियों को शिक्षा का महत्व समझाया।

डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. सौरभ मिश्रा, डॉ. राजीव कुमार, आदित्य मिश्रा, हिमांशु सिंह, साक्षी सिंह, रोशनी प्रजापति, मुस्कान, बृजेश, नितिन आदि का सहयोग रहा।

# पेंशनर्स ने फिर उठाई वेतन वृद्धि बहाली की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान की कोषागार सभागार में हुई बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष प्रेम पाल सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य रूप से कोरोना काल में स्थगित किए गए 18 माह के मंहगाई भत्ते को बहाल किए जाने, 30 जून और 31 दिसंबर को होने वाली सेवानिवृत्ति पर वेतन वृद्धि स्वीकृत करने, पेंशनर्स को 80 वर्ष की आयु पर 20 प्रतिशत पेंशन बढ़ोत्तरी के स्थान पर प्रत्येक पांच वर्ष पर पांच प्रतिशत पेंशन बढ़ाने, रेल किराए और परिवहन विभाग में बस किराए में छूट दिए जाने, गन्ना शोध परिषद के कर्मचारियों को पूर्ण पेंशन देने आदि मांगें उठाई गईं। महासचिव सत्य प्रकाश तिवारी के संचालन में चली बैठक में अतुल कुमार गुप्ता, हर प्रसाद पांडेय, चंद्र प्रकाश सिंह, गजेंद्र प्रसाद शर्मा, राजेश चंद्र शुक्ल, छोटे लाल कनौजिया, अमर कुमार, नोनी गोपाल, संजय सक्सेना, कामता प्रसाद, हसीब, प्रेम सागर यादव मौजूद रहे।

# मुलायम यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने निकाली साइकिल रैली



ददरौल विधानसभा क्षेत्र में साइकिल रैली निकालते मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः**मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष तैय्यब खां के नेतृत्व में ददरौल विधानसभा में साइकिल रैली निकाली। साइकिल रैली इकनौरा से चल कर गांव किशुरिहाई से पिपरोला होते हुए कांट रामलीला मैदान से कांट नगर पंचायत में भ्रमण कर कांट के महुआ बाजार में समाप्त हुई।

इस दौरान तैयब खान ने कहा कि युवाओं ने ठाना है कि सभी समाजवादी विचारधारा के लोगों को एक करके 2024 में होने वाले ददरौल विधानसभा के उपचुनाव व लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश व देश की तस्वीर को बदलना है और अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और बेईमानी पेपर आउट होने आदि पर यदि सरकार ने समय रहते लगाम नहीं लगाया तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

रैली में सौरभ सिंह, डॉ. सोहेल खां, मोबिन हुसैन, राम अवतार वर्मा, रिजवान अंसारी, गोविंद यादव, रामकिशोर, सतपाल मौर्य आदि युवा मौजूद रहे।







# जिला अस्पताल कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेश अवस्थी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक को पत्र भेजकर जिला अस्पताल में कार्यरत संविदा कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भेजे गए पत्र में कहा गया है कि संविदा कर्मचारी ने भ्रष्ट आचरण अपना रखा है, लोगों के साथ दुर्व्यवहार और तानाशाही रवैये की शिकायतें हैं। संविदा कर्मचारी के खिलाफ की गई शिकायतों पर संबंधित जांच अधिकारी अपनी रिपोर्ट उसी के पक्ष में लगा देते हैं, जिससे मिलीभगत उजागर हो रही है। जिलाध्यक्ष ने भेजे गए पत्र में आगे कहा है कि यदि किसी अन्य विभाग के सक्षम अधिकारी से जांच कराकर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन की ओर से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने इसकी एक-एक प्रति प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री को भी भेजी है।

## एक नजर

### किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया युवक, रिपोर्ट

**सिंधौली।** पिता ने किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति की ओर दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी 21 फरवरी की शाम 7:30 बजे मोहल्ले में ही दुकान पर कुछ सामान लेने गई थी। देर शाम तक वह वापस नहीं आई। रिश्तेदार और जान-पहचान वालों में पता किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। पिता ने आशंका जताई कि इमरान निवासी ग्राम गंधपुर सिंधौली उसकी बेटी को अपने साथ भगा ले गया है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चकरेल टूटने से ट्रेनों को कॉशन देकर गुजारा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली-लखनऊ डाउन लाइन पर टिसुआ और बिलपुर के बीच शनिवार को चकरेल टूटने के कारण ट्रेनों को कॉशन देकर गुजारा गया। रेल पथ विभाग ने मौके पर पहुंचकर चकरेल की मरम्मत की। शनिवार सुबह 11 बजे टिसुआ और बिलपुर के बीच किलोमीटर संख्या 1277/10 और 1277/12 के बीच रेल पथ विभाग के कर्मचारियों ने क्षतिग्रस्त चक रेल देखी तो मामले की जानकारी अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंची टीम ने मरम्मत शुरू की। दोपहर करीब 12:15 बजे यहां पर 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार के कॉशन पर सियालदह एक्सप्रेस, अवध असम एक्सप्रेस, काठगोदाम लखनऊ समेत कई ट्रेनों को शाम तक गुजारा गया।

# संत रविदास जयंती पर बैंड बाजे के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा

## अनुयाइयों ने जगह-जगह स्वरूपों की आरती उतारकर किया स्वागत, खिरनी बाग में बच्चों ने आयोजित किए कार्यक्रम, सुनाए गीत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** संत रविदास जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद शाम को खिरनीबाग मैदान पर रंगारंग कार्यक्रम हुए और सभा का आयोजन किया गया।

- **कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने संत रविदास की महिमा का किया बखान**

संत रविदास जयंती पर शनिवार सुबह मिश्रीपुर राम बाग में हवन पूजन किया गया। इसके बाद नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि पूर्व एसओसी राकेश कुमार व विशिष्ट अतिथि राम प्रकाश ने झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। इसमें संत रविदास, नानक देव, संत कबीर दास, डॉ. अंबेडकर आदि महापुरुषों झांकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा सरायंकाइयां से शहर के मुख्य मार्गों पक्का पुल, केरुगंज, चारखंभा, चौक, कच्चा कटरा, घंटाघर, बहादुरगंज, सदर बाजार, कचहरी गुरुद्वारा होते हुए जीआईसी क्रीड़ा स्थल पर जनसभा के रूप में परिवर्तित हो गई। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। खिरनीबाग मैदान पर आयोजित सभा में मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने संत रविदास को उच्च कोटि का संत और मां गंगा का भक्त बताया। उन्होंने कहा कि मां गंगा के प्रति उनका विश्वास और श्रद्धा भाव ही उन्हें संत शिरोमणि तक ले गया। भगवंत राम ने कहा कि संत रविदास ने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया और सभी वर्गों की समानता की बात कही। डॉ. एमपी सिंह कहा कि रविदास को संत शिरोमणि की उपाधि दी गई। जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार एडवोकेट ने मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना को शाल ओढ़ाकर और गुरु रविदास जी का चित्र भेंटकर सम्मानित किया। पांच सूत्रीय मांग पत्र भी दिया। इससे पहले बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राम प्रकाश, श्याम विहारी एडवोकेट, राम गोपाल चौधरी, मगरे लाल, विनोद कुमार, अनिल कुमार, शैलेंद्र मोहन, ज्ञानेंद्र, ब्लाक प्रमुख राजाराम, विपुल प्रसाद, महेश कुमार, अरुण कुमार, अवनीश कुमार, सियाराम दिनकर, अजय कुमार, राम पाल चौधरी, अवनीश कुमार, श्रीकृष्ण दोहरे, देवी प्रसाद, माया प्रकाश, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, जदुवीर गौतम, रमेश कुमार आदि का योगदान रहा।



शोभायात्रा में शामिल संत रविदास की झांकी का पूजन करते अनुयायी। ● अमृत विचार



संत रविदास के स्वरूप में किशोर।



शोभायात्रा में शामिल झांकी में विभिन्न स्वरूपों में सजे बच्चे।

## कुरीतियां मिटाने को संत रविदास का अनुसरण करें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** समाज को समता का पाठ पढ़ाने वाले महान समाज सुधारक संत रविदास की जयंती जीएफ कॉलेज छात्रावास में गोष्ठी के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने कहा कि संत रविदास के बताए मार्ग पर चलकर हम समाज से कुरीतियों को खत्म कर सकते हैं।

मुख्य वक्ता एसपी कालेज के प्रवक्ता राम सिंह ने कहा कि ढोंग, आडंबर, पाखंड, भेदभाव, नशाखोरी से दूर रहें, यही रविदास जी की शिक्षा है। संत जी की शिक्षाओं का पालन कर हम उन्नति के शिखर पर पहुंच सकते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अनूप कुमार ने कहा कि संत रविदास ने ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न। छोट बड़ा सब संग बसे, रैदास रहे प्रसन्न जैसे सूत्र से समाज को समानता का पाठ पढ़ाया। इस मौके पर छात्रावास वार्डन मोहम्मद तारिक, अध्यक्ष सुशील कुमार, विजय मस्ताना, सियाराम दिनकर, परमजीत सिंह, मुनेश चंद्र, प्रशांत कुमार, शैलेंद्र कुमार, रजत कुमार, राज कुमार, अजीत कुमार, जगदीश चंद्रा, भरत पाल आदि मौजूद रहे।



जीएफ कॉलेज के छात्रावास में संत रविदास को पुष्पांजलि अर्पित करते अनुयायी।

# नजर शाहजहांपुरी साहित्य सम्मान से नवाजे गए राशिद नदीम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** साहित्यिक संस्था इदराक एवं नजर मेमोरियल सोसायटी के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में शायर राशिद नदीम को उर्दू साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नजर शाहजहांपुरी साहित्य सम्मान से नवाजा गया। इस मौके पर शायरों और कवियों ने गीत, गजल सुनाकर वाहवाही लूटी।

शुक्रवार देर शाम मोहल्ला दिलाजाक में आयोजित कार्यक्रम में इदराक संस्था के महासचिव असगर यासिर व नजर सोसाइटी के महासचिव हमीद खिजर ने शायर राशिद नदीम उर्दू भाषा व साहित्य में किए जा रहे उल्लेखनीय योगदान की चर्चा करते हुए नजर शाहजहांपुरी साहित्य सम्मान प्रदान किया। सम्मान स्वरूप राशिद नदीम को शाल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जीएफ कॉलेज के फ़ारसी विभागाध्यक्ष डॉ. जी ए कादरी, मुख्य अतिथि डॉ. मंसूर अहमद सिद्दीकी, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, मोहम्मद नकी, राशिद हुसैन राही ने राशिद नदीम के व्यक्तित्व पर राशनी डाली।





नजर शाहजहांपुरी साहित्य सम्मान के साथ राशिद नदीम व अन्य। ● अमृत विचार

- **महफिल-ए-मुशायरा में गूंजे गीत-गजल**

इस मौके पर वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, असगर यासिर, हमीद खिजर, शाहिद रज़ा, राशिद नदीम, गुलिस्तां खान, राशिद हुसैन राही, खलीक शौक, हसीब चमन, असलम तारिक, डॉ. मंसूर अहमद सिद्दीकी, सैयद शारिक अक्स, एम रिज़वान, विकास सोनी ऋतुराज, राजीव आतिश, दिनेश नज़र, फरमान खां चिश्ती आदि ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का आगाज़ हसीब चमन ने तिलावते कुरआन और असगर यासिर ने हम्द, रेहान कादरी ने नात पेश कर किया। संयोजक मोहम्मद आसिफ खां ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सैयद मोहम्मद असलम, मोहम्मद जलालुद्दीन, सैयद मोहम्मद अजमल, इरफ़ान अहमद अंसारी, सुधाकर तिवारी, इमरानुद्दीन, तौहीद आलम खां, फैजान खां, सुहैल खां, सैफ़ खां, सैयद अहकम, इरफ़ान अज़हरी आदि मौजूद रहे।

## वाहन की टक्कर से नेपाली नागरिक की मौत, दूसरा गंभीर

**पलियाकलां, अमृत विचार :** नेपाल जाने वाली रोड पर दुधवा जंगल में किसी तेज रफ्तार किसी वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक नेपाली युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया में भर्ती कराया है। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के बाद शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

पलिया से गौरीफंटा होते हुए नेपाल जाने वाली रोड पर तेज रफ्तार किसी वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में नेपाली युवक रामकुमार चौधरी पुत्र बम बहादुर चौधरी निवासी फुलवारी नेपाल की मौत हो गई, जबकि पीछे सवार उसका दूसरा साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायल का नाम अनिल चौधरी पुत्र भागे राम चौधरी निवासी फुलवारी नेपाल का होना बताया है।

# वित्त मंत्री ने किया आर्ट गैलरी का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** आर्ट फैमली इंडिया के संस्थापक मोहम्मद तौकीर को समर्पित नव निर्मित आर्ट गैलरी तौकीर आर्टकेड में श्रृद्धांजलि शीर्षक के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आर्ट गैलरी और कला प्रदर्शनी का उद्घाटन वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने चित्रकार डॉ. मो. तौकीर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और पुस्तक सुनहरे अल्फाज का विमोचन भी किया गया।

महानगर के मोहल्ला बाडूजई द्वितीय (तेल टंकी के समीप) निवासी जनपद रत्न से विभूषित चित्रकार मो. कमर ने आर्ट गैलरी का निर्माण कराया है। उन्होंने बताया कि बरेली में मिलेट्री एरिया में एक आर्ट गैलरी के अलावा लखनऊ से नई दिल्ली तक अन्य कोई नहीं है। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने मो. कमर के प्रयासों की सराहना की। प्रदर्शनी में शामिल कला-कृतियों का अवलोकन कर कैबिनेट मंत्री ने चित्रकारों की सराहना की। इस मौके पर अतिथियों ने सैयद अली जाफर की पुस्तक सुनहरे अल्फाज का विमोचन किया।

आर्ट फैमिली परिवार के मो. कमर, सैयद अली जाफर और सबा नकबी आदि ने अतिथियों को बुकें भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर मलक अब्दुल वाहिद खां, डॉ. ऊषा गर्ग, कमलेश कुमार, साबिरा सुल्ताना, शैलेंद्र पाल सिंह, मिक्की आनंद, डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. प्रेम चंद्र, अनिल कुमार, मालवीय, अख़्तर हुसैन, हया कयूम, शिवाली शर्मा, खलीक शौक, अमर सिंह, डॉ. तैयब, उमेश दीक्षित, सुरेंद्र पाल, सैयद मुरशिद हुसैन, दीप्ति सिंह, आरती आदि मौजूद रहे।

- **कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने आर्ट फैमिली के संस्थापक मो. तौकीर को अर्पित की श्रद्धांजलि**



आर्ट गैलरी का उद्घाटन करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। ● अमृत विचार



प्रदर्शनी में शामिल कला-कृतियों को देखते लोग।

### प्रदर्शनी में इन चित्रकारों की पेंटिंग रही शामिल

तौकीर आर्टकेड के डायरेक्टर डॉ. मोहम्मद कमर ने बताया कि चित्र प्रदर्शनी में देश-विदेश के 20 नामचीन आमंत्रित कलाकारों की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया। इनमें मुख्य रूप से नजमा अख़्तर (बांग्लादेश), पूजा राज (नई दिल्ली), प्रो. अंबरीश नंदन (शांति निकेतन), सुभाशीष चक्रवर्ती (पश्चिम बंगाल), दीक्षा गोयल (शाहजहांपुर), राहुल मुखर्जी (कोलकाता), सबा नक़वी (शाहजहांपुर), प्रोफेसर आई सी गुप्ता (अलीगढ़), एम ए सरदार (मुंबई), मोहम्मद नज़ीर (रायबरेली), अली अहमद आसी (रायबरेली), संयोजक मो. कमर (शाहजहांपुर), मोहम्मद तौकीर (रायबरेली), विवेक (अलीगढ़), एसए जाफ़र (अलीगढ़) राजीव सिकदर (कोलकाता), फ़ुवाद किदवई (लखनऊ), अजय वर्मा (शाहजहांपुर), मनीषा दीक्षित (शाहजहांपुर), राजू राम रतन आदि की कृतियां शामिल हैं।

# प्रभारी मंत्री से कोरोना काल का टैक्स माफ करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की वर्ष 2016 में घोषित पर्यटन नीति का उद्यमियों को किसी तरह का लाभ नहीं मिल रहा है। कोरोना काल में लगाए गए सभी टैक्स माफ किए जाएं। इसके अलावा कई समस्याएं उद्यमियों ने शनिवार को स्टेशन रोड स्थित एक होटल में सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स की जनरल बॉडी बैठक में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह के समक्ष रखीं।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि सराय एक्ट में पंजीकृत प्रदेश की तमाम पर्यटन इकाइयों को पर्यटन विभाग में पंजीकृत होने के बाद ही लाभ मिलेगा। बीडीए और अन्य विभाग की समस्याओं के निस्तारण के लिए मेयर को मंडलायुक्त और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कराने का जिम्मा दिया।

बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने उद्यमियों की समस्याओं को लेकर प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपा। इन्वेस्टर समिट में आए प्रस्तावों को लेकर कहा कि बीडीए के लागू डेवलपमेंट चार्ज और नक्शा पास कराने के भारी भरकम खर्च से उद्योग स्थापित नहीं हो पा रहे हैं, जबकि शासनादेश में स्पष्ट है कि उद्योग स्थापना के दौरान बीडीए डेवलपमेंट चार्ज नहीं लगेगा। उन्होंने कोरोना काल में शासनादेश के आधार पर होटल उद्योग को पूर्णतया बंद रखने की बात कही पर होटलों पर लगने वाले कामर्शियल टैक्स बिजली बिल, लोन ब्याज, नगर निगम भवन, जल, सीवर एवं कूड़ा निस्तारण टैक्स वसूलना असंवैधानिक बताते हुए सभी टैक्स, ब्याज आदि माफ करने की मांग की।





उद्यमियों के सवालों का जवाब देते प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह। ● अमृत विचार

- **उद्यमी बोले- पर्यटन नीति का नहीं मिला लाभ, इन्वेस्टर समिट के प्रस्तावों पर भी की चर्चा**
- **स्टेशन रोड स्थित होटल में सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक आयोजित**

संयुक्त आयुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला ने उद्योगों को पूरा सहयोग और अच्छा माहौल देने की बात कहते हुए अधिक से अधिक उद्योग स्थापना करने की बात कही।

बैठक के दौरान बिथरी के भाजपा विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, आंवला भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी बृजपाल सिंह, संस्था के सचिव सीए राजेन विद्यार्थी, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, उनमुक्त संभवशील, सतीश अग्रवाल, निखिल थापर, केबी अग्रवाल, मोहन गुप्ता, मनवीर सेठी, संजय अग्रवाल, आनंद राय, आरके अग्रवाल, सतवंत सिंह चड्ढा, अक्षय आनंद, दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मुलाकात के दौरान रची थी भागने की साजिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** न्यायालय परिसर की सदर हवालात की सरिया काटकर फरार हुए हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव और गैंगस्टर सचिन सैनी ने जेल में साजिश रची थी। पुलिस को अंदेशा है कि उससे जेल में मुलाकात करने वालों ने रात के अंधेरे में हवालात की सरिया काटी होगी। इसलिए पुलिस उनसे जेल में मुलाकात करने वालों का ब्योरा जुटा रही है।

शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के लिए केंद्रीय कारागार-दो से 61 बंदियों को लाया गया था। शाम को पेशी के बाद जेल वापस ले जाने के लिए गिनती की गई तो कोतवाली के बिहारीपुर ढाल निवासी हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव और सीबीगंज के पस्तौर निवासी गैंगस्टर सचिन सैनी गायब मिले। पुलिस ने देखा तो सदर हवालात की दो सरिया कटी मिलीं। मामले में पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं, जो संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस की एक टीम शनिवार को केंद्रीय कारागार पहुंची। जहां पर दोनों से मिलने वाले लोगों की जानकारी हासिल की। पुलिस को अंदेशा है कि दोनों ने अपने किसी साथी से अंधेरे में पहले ही दोनों सरिया कटवा दी होंगी। सरिया का कुछ हिस्सा कटने को रह गया तो दोनों उसे काटकर भाग गए।

- **हवालात काटकर भागने वाले बंदियों से जेल में मुलाकात करने वालों का पुलिस जुटा रही ब्योरा**

जेल से आने के बाद कटे सरिया के पास बैठे थे दोनों बंदी हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव और गैंगस्टर सचिन सैनी के साथ कोर्ट में पेश होने के लिए आए अन्य बंदियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि अंकित और सचिन जेल से पेशी पर आने के शुरुआत से ही कटे सरिया वाले स्थान पर बैठे थे। दोनों आपस में धीरे-धीरे बात कर रहे थे। बाकी अन्य बंदियों को हवालात में ही आगे-पीछे चलते रहने को भी बोल रहे थे। पुलिस अंकित यादव और सचिन सैनी के करीबियों और परिवार वालों की कॉल डिटेल खंगाल रही है। जिससे पता चल सके कि भागने के दोनों ने किसे फोन किया और किसकी शरण में गए।

# चीनी मिल में झुलसे मजदूर की मौत, हंगामा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड चीनी मिल में झुलसे मजदूर की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया और तत्काल मुआवजा दिलाने की मांग की। किसान नेताओं की मध्यस्थता के कारण मिल अधिकारियों ने मौके पर आकर 10 लाख का मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। परिजनों के अड़ने पर मिल अधिकारियों ने इस शर्त पर एक जून 2024 की तारीख का आठ लाख का चेक दिया कि 10 लाख का मुआवजा मिलने पर चेक वापस कर देंगे। फिर अंतिम संस्कार किया।

- **मुआवजा मिलने पर वापस करना होगा चेक**
- **मिल अधिकारियों से लिया 8 लाख का चेक, किया अंतिम संस्कार**

ग्राम जगन्नाथपुर निवासी घनश्याम पुत्र कढ़िले राम काफी अर्से से बजाज मिल में ठेके पर मजदूरी करता था। 16 फरवरी को घनश्याम मिल के खौलते रस से झुलस गया, जिसे लखीमपुर के बाद लखनऊ के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। 23 फरवरी की दोपहर घनश्याम की मृत्यु हो गई तो पोस्टमार्टम के बाद शव मृतक के गांव जगन्नाथपुर लाया गया। मामले की संजीदगी देखते हुए गांव में पुलिस तैनात कर दी गई। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह और राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा, जिलाध्यक्ष मनोज कुमार फौजी गांव पहुंच गए। उन्होंने मृतक की मां गोमता देवी और बहन लीलावती के लिए तत्काल मुआवजे की मांग की, जिस पर मिल के कारखाना प्रबंधक आरके मिश्रा और पीसी गुप्ता ने बताया कि मुआवजे की 10 लाख रुपये तीन महीने में मृतक की मां को मिल जाएगा। किंतु किसान नेताओं ने तत्काल चेक देने को कहा। कहा कि मुआवजे की राशि मिलते ही चेक वापस कर दिया जाएगा। इस पर मिल अधिकारिओं ने भारतीय स्टेट बैंक पीलीभीत का आठ लाख रुपये का अकाउंटपेयी चेक मृतक की माता गोमता देवी के नाम दिया।

# ट्रैक्टर-बुग्गी निकालने के विवाद में किसान की हत्या

संवाददाता, पसगवां (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव चोरहाखुर्रमनगर में शनिवार सुबह करीब 11 बजे किसान की गला दबाकर हत्या कर दी गई। इससे गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों ने बताया कि मौत से पहले पड़ोसी खेत मालिक सेवाराम से गन्ना भरी बुग्गी और ट्रैक्टर को खेत से निकालने को लेकर विवाद हुआ। मृतक की पत्नी और पुत्र ने गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।

सूचना पर पहुंचे एसएचओ पसगवां व बरवर चौकी पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी जुटाई। पुलिस मामले को संदिग्ध बता रही है। गांव चोरहाखुर्रमनगर निवासी राजाराम (48) अपने खेत में बुग्गी में गन्ना भरने गया था। राजाराम ने सेवाराम के खेत से ट्रैक्टर बुग्गी निकालने का प्रयास किया, लेकिन सेवाराम ने खेत से ट्रैक्टर निकालने से मना किया। जिसे लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी। जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सेवाराम ने अपने पुत्र जदुवीर के साथ मिलकर राजाराम का गला दबा दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राजाराम के बड़े बेटे संजय के पुत्र अमन व रमन भी अपने बाबा राजाराम के साथ खेत पर गए थे। झगड़ा होने पर एक बच्चा इसकी सूचना देने के लिए घर आ गया, जबकि दूसरा वहीं रुक गया। खेत पर गन्ना भरे वाहन निकालने पर विवाद होने की सूचना मिलते ही राजाराम के परिजन खेत पर पहुंचे।

राजाराम के परिजन सहित अन्य ग्रामीणों को आता देख सेवाराम व उसका पुत्र जदुवीर मौके से फरार हो गया। घटना स्थल पर परिवार वालों के पहुंचते ही राजाराम की मौत हो गई थी। पास में ही उसका पौत्र रो रहा था जिसने आरोपियों द्वारा मारपीट करते हुए गला दबाए जाने की बात बताई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साथ ही पुलिस का दावा है कि मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। ट्रैक्टर निकालने को लेकर विवाद हुआ। आरोपी पक्ष ने खाई भी खोद रखी थी।



घर के बाहर रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

- **पोते ने बताया, पहले रास्ते से निकलने नहीं दिया, फिर गला घोंट दिया**
- **पुलिस घटना को बता रही संदिग्ध, पोस्टमार्टम में होगी पुष्टि**

"राजाराम के परिजन गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगा रहे हैं। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। मृतक के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्याकांड का कारण स्पष्ट हो सकेगा। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। -**दीपक राठौर**, प्रभारी निरीक्षक थाना पसगवां।

### सातवें दिन सड़क किनारे बरामद हुआ युवक का शव

**निघासन।** कोतवाली तिकुनिया के गांव बनवीरपुर निवासी युवक का शव सातवें दिन गांव से चार किलोमीटर दूर सड़क किनारे बरामद हुआ है। मृतक के परिवार के लोग हत्या होने की आशंका जता रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गांव बनवीरपुर निवासी बुद्धा ने बताया कि उनका भतीजा चंद्र राणा (35) 16 फरवरी को नाराज होकर घर से चला गया था। उसके बाद से उसकी लगातार तलाश की जा रही थी। रिश्तेदारियों में भी पता किया गया, लेकिन कहीं कोई पता न लगने पर कोतवाली तिकुनिया पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन पुलिस ने भतीजे की तलाश करने में कोई रुचि नहीं ली। शनिवार को कुछ लोगों ने गांव से करीब चार किलोमीटर दूर सिसवारी गांव के पास सड़क किनारे पड़ा शव देखा। मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई।

### ट्रैक्टर-ट्राली से हुए बड़े हादसे

01.10.2022– कानपुर में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, 26 लोगों की मौत

22.02.2023– हाथरस में ट्रक और ट्रैक्टर–ट्राली की भिड़ंत, हादसे में 4 की मौत

15.04.2023– तिलहर में पुल से नीचे गिरी ट्रैक्टर ट्रॉली, 14 श्रद्धालुओं की मौत

23.08.2023– सहारनपुर में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर–ट्राली नदी में गिरी, 9 की मौत

24.11.2023– सिरसा में ट्रैक्टर–ट्राली पलटने से पंजाब के 5 श्रद्धालुओं की मौत

03.12.2023– मुजफ्फरनगर मीरापुर में हादसे में ट्रैक्टर–ट्रॉली सवार 3 की मौत

09.02.2024– हरदोई में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटी, 2 की मौत



गंगा स्नान को जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली गांव ककराला के तालाब में डूब गई। करीब तीन घंटे तक तालाब में डूबे लोगों को निकाला जाता रहा। तालाब के चारों ओर बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार



बच्चे को गोद में उठाए भागता जाता ग्रामीण।

### हादसे में इनकी गई जान

1– शकुंतला देवी पत्नी वीरपाल ( 70)
2– उसमा पत्नी शिवम (24)
3– मीरा पत्नी दिग्विजय सिंह चौहान (65)
4– सपना पत्नी गौरव (22)
5– पुष्पा पत्नी सत्येंद्र (45)
6– शिवम पुत्र मुकेश (30)
7– देवासी पुत्री शिवम (6)
8– दीक्षा पुत्री रजनेश (19)
9– गायत्री पत्नी रजनीश (52)
10– श्याम लता पत्नी रणवीर (40)
11– सुनैना पुत्री हरीश (10)
12– गुड्डी पत्नी खुन्नी लाल (75)
13– सिद्धू पुत्र गौरव
14– कुलदीप पुत्र मुकेश (7)
15– संध्या पुत्री मुकुट (5)
16– शिवांगी पत्नी राजेश (25)
17– मीरा पत्नी राजपाल (55)
18– कार्तिक पुत्र राजेश (4)
19– पायल पुत्री राजेश (दो महीना)
20– लड्डू पुत्र मुकुट (3)
21– अंजलि पत्नी मुकुट (24)
22– जवित पत्नी संजीव 25 वर्ष
23– प्रियांशू पुत्र राहुल (छह)

# हर ओर मातम, बदहवासी और बस चीख पुकार ...

## एक के बाद एक मौत की खबर से गांव कसा में मच गया कोहराम, होश खो बैठे परिजन

कार्यालय संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** एक के बाद एक की मौत की खबर गांव में पहुंचती रही और फिर चीखें बढ़ती गईं। हर ओर मातम छाया था। घरों में चीखपुकार थी।

ग्रामीण अपनों की सलामती की दुआ कर रहे थे। बड़ी संख्या में ग्रामीण कासगंज जिला अस्पताल और घटना स्थल पर निकल पड़े। मौत की सूचनाएं जैसे-जैसे पुष्ट होती गईं, मृतकों के परिवारों की महिलाओं के चीत्कारों से नगला कसा दहल उठा। चार गांवों के लोग इस ट्रैक्टर ट्रॉली से गंगा स्नान को गए थे। इनमें नगला कसा के ही सबसे अधिक 46 लोग थे। ट्रैक्टर ट्रॉली पड़ोस के गांव रोरी के रहने वाले राहुल की थी। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायाण एवं आगरा जोन की एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को सांत्वना दी।

माघ पूर्णमासी पर गंगा स्नान का गांव वालों ने अचानक ही विचार बना लिया और पड़ोस के गांव रोरी निवासी राहुल से ट्राली मांगी। वह तैयार हो गया। उसके साथ इस गांव के तीन और लोग आए। जबकि गांव बनार और खिरिया से दो-दो लोग गंगा स्नान करने को चल दिए। अन्य सभी 46 लोग नगला कसा के थे। कई लोगों का गंगा स्नान जाने का पहले से कोई विचार नहीं था। लेकिन गांव से ट्रैक्टर ट्रॉली जाने और संग-साथ के लोगों को देख उन्होंने भी मन बना लिया और ट्रॉली में बैठ गए। लेकिन गंगा तक पहुंचने से पहले ही काल ने इस ट्रॉली पर झपट्टा मार दिया।




गांव नगला कसा में परिजनों को सांत्वना देते कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी।



ग्रामीणों से जानकारी करतीं एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ। ● अमृत विचार

- कैबिनेट मंत्री एवं आगरा की एडीजी ने गांव में पहुंचकर दी सांत्वना
- चार गांवों के लोग गए थे ट्रैक्टर ट्रॉली से गंगा स्नान करने



अपनों की मौत पर बिलखता ग्रामीण।



पोस्टमार्टम हाउस के बाहर रोता–बिलखता परिवार। ● अमृत विचार

### पल-पल बढ़ रही थी बेचैनी

सबसे पहले गांव में जो खबर पहुंची, वो केवल ट्रैक्टर–ट्रॉली पलटने की थी। मौत के बारे में किसी को जानकारी नहीं थी। समय बीता तो मृतकों की संख्या का अंदाजा लगाया जाने लगा। सबसे पहले छह लोगों की मौत बताई। इसके बाद संख्या लगातार बढ़ती गई और खबरें मिलने पर गांव के लोगों के दिल बैठते गए। एक–एक पल की खबर लेने के लिए लोग मोबाइल फोन के जरिए संपर्क बनाए हुए थे। पल–पल बेचैनी बढ़ रही थी। सब्र नहीं हुआ तो खुद ही घटनास्थल की ओर निकल पड़े।

### दूसरों को बंधाते रहे हिम्मत, खुद बेहाल

गांव में सुबह के समय कुछ स्पष्ट ही नहीं हो पा रहा था कि हादसे में कौन मरा और कौन जिंदा बचा। जिन लोगों के परिजन ट्रैक्टर ट्रॉली में गए थे, वो सभी परेशान थे। एक–दूसरे को हिम्मत बंधा रहे थे। लेकिन अपनी ही हालत को काबू में रखना बहुत मुश्किल था। इसके बाद संख्या लगातार बढ़ती गई और खबरें मिलने पर गांव के लोगों के दिल बैठते गए। एक–एक पल की खबर लेने के लिए लोग मोबाइल फोन के जरिए संपर्क बनाए हुए थे। पल–पल बेचैनी बढ़ रही थी। सब्र नहीं हुआ तो खुद ही घटनास्थल की ओर निकल पड़े।कई महिलाएं बदहवाश हालत में गिर रही थीं। किसी का पति, किसी का भाई, किसी के पिता तो किसी के पुत्र इस हादसे में छिन गए थे।



घटनास्थल का निरीक्षण करतीं डीएम सुधा वर्मा और एसपी अपर्णा रजत कौशिक।



गांव ककराला में तालाब किनारे मौजूद कमिश्नर रविंद्र कुमार एवं आईजी शलभ माथुर।

# जिसका मुंडन था उसका शव मिट्टी में दबा मिला

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार :** सुबह तेज आवाज के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली तालाब में गिरी। लोगों की चीखें निकल गईं। पड़ोस में ही एक मंदिर के सेवादार की आंखों के सामने यह घटना हुई। वह चीखते-चिल्लाते तालाब की ओर दौड़ पड़े। अन्य तमाम लोग भी साथ हो लिए। तालाब में उतरकर ट्रॉली को उठाने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हुए। इसी बीच ककराला के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंच गए।

सभी ने काफी मशक्कत कर करीब 45 मिनट बाद ट्राली को हटा दिया। तक तक चीखें पानी में डूब चुकी थीं। वे डूबे लोगों को खोजने लगे। माहौल बदहवासी भरा हो गया। पुलिस, अधिकारी भी पहुंच गए। तालाब में पानी उफाना हुआ था। पानी खींचने के लिए दमकल गाड़ियों के अलावा नगर पंचायतों से भी टैंकर मंगाये गए। करीब तीन घंटे तक एक-एक कर लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया जाता रहा।

कुछ की सांसें वहीं थम गई थीं तो कुछ में सांस की आस बाकी थी। शाम तक सभी लोगों को निकाला लिया गया लेकिन जिस बच्चे सिद्दू का मुंडन होना था वह नहीं मिला। देर शाम को उसका मिट्टी में दबा शव मिला तो लगा कि उम्मीद की आखिरी डोर भी टूट गई।



गांव ककराला में तालाब में जाल डालकर डूबे लोगों को तलाशते गोताखोर। ● अमृत विचार

- सुबह 10 बजे हुई घटना, उसके बाद तीन घंटे तक चला रेस्क्यू
- तालाब को घेर रहे सैकड़ों लोग वक्त को कोसते रहे

### कांप उठी थी रूह

मंदिर के सेवादार महावीर के सामने यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि जैसे ही ट्रैक्टर ट्रॉली तालाब में गिरी तो चीख–पुकार मच गई। उन्हें सुनकर मेरी रूह कांप उठी। बचाव के लिए दौड़ा तो हाथ–पैर कांप रहे थे।

### ग्रामीणों ने दिखाया जज्बा

ग्रामीणों ने जज्बा दिखाया। ककराला और आसपास के ग्रामीण आगे आए और पानी में डूबे महिलाओं, बच्चों व पुरुषों को बाहर निकल रहे थे। श्रद्धालुओं को तलाशने के लिए जाल भी डाला गया। देर शाम तक सभी लोग निढाल हो गए लेकिन कोर्ट और भी मिलेगी की उम्मीद में तलाश करते रहे।

# सक्शन मशीनों एवं दमकल वाहनों से खाली कराया गया तालाब



तालाब से पानी निकालने के लिए लगाया गया दमकल वाहन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** ट्रैक्टर ट्राली तालाब में पलट जाने से सभी लोग डूब गए। कुछ निकाल लिए गए तो अन्य को तालाब में पता नहीं लग रहा था। ऐसे में तालाब को खाली कराया गया। इसके लिए सक्शन मशीन और दमकल वाहनों को लगाया गया था।

डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक मौके पर पहुंचे। इसके बाद बचाव कार्य में और तेजी आ गई। तालाब में से घायलों और शवों को निकाला गया। ग्रामीणों ने अन्य लोगों के तालाब में होने की आशंका व्यक्त की। इसी आशंका के चलते डीएम ने पटियाली के एसडीएम कुलदीप सिंह को तालाब खाली कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने पटियाली से दमकल वाहन एवं नगर पंचायत से सक्शन मशीन और भरगैन नगर पंचायत की भी सेक्शन मशीन को मंगाया । सक्शन मशीन और दमकल वाहन से तालाब से पानी निकाला गया। तालाब खाली होने के बाद उसमें कोई शव और घायल नहीं मिला। दमकल कर्मी और नगर पंचायत के कर्मचारी भी राहत कार्य में तत्पर दिखाई दिए।

- पटियाली और भरगैन से मंगाए गए सक्शन वाहन

### असंतुष्ट दिखाई दिए ग्रामीण

इस घटना को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा। पानी निकालने के लिए जिन संसाधनों का प्रयोग किया गया उनसे ग्रामीण असंतुष्ट दिखे। ग्रामीणों का कहना था कि दमकल वाहन और सेक्शन मशीन पानी निकालने में कारगर नहीं है। यहां पंपिंग सेट लगाए जाएं।

# चीत्कार में बदल गए गंगे मईया की जय-जयकार के स्वर

**कासगंज, अमृत विचार :** पूर्णिमा पर गंगा स्नान को जा रहे लोगों को सुबह से ही रेला था। मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली एवं अन्य निजी वाहनों से गंगा स्नान को जा रहे श्रद्धालुओं गंगे मईया की जय-जयकार कर रहे थे। ट्रैक्टर ट्रालियों में ग्रामीण स्नानार्थी श्रद्धालु महिलाएं भजन कीर्तन भी गाती जा रही थीं। बच्चे भी उल्लास में डूबे थे।

इन्हीं सभी के बीच एटा के गांव कसा से भी गंगा स्नान को जा रहे श्रद्धालु गंगा मईया की जय-जयकार कररहे थे। उन्हें क्या पता था कि कुछ ही पल बाद क्या होने वाला है। अचानक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित हुई और तालाब में जा पलटी। जय-जयकार करते श्रद्धालुओं की आवाज थम गई। करुण क्रंदन के स्वर सुनाई देने लगे। घटनास्थल पर हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

**... बनाते रहे मोबाइल से वीडियो :** घटना इतनी वीभीत्स थी किकेवल चीत्कार के स्वर सुनाई दे रहे थे। ऐसे में घायलों और उनके परिजनों को मदद की जरूरत थी। मौके पर मौजूद भीड़ में से तमाम लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए दर्जनों लोग तालाब में उतर गए। घायलों और शवों को निकालने में जुटे। वहीं कुछ फोटो और वीडियो बनाने में लगे थे। लोगों ने ऐसे लोगों को रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन वे वीडियो बनाने और फोटो खींचने में लगे रहे। इन्हें मौके की नजाकत से कोई लेना देना नहीं था।

# जनप्रतिनिधि और अफसर पहुंचे जिला अस्पताल, जाना हाल



पोस्टमार्टम हाउस के बाहर घटना की जानकारी लेते एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, विधायक सदर देवेंद्र राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी एवं अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा। ● अमृत विचार



जिला अस्पताल में घायलों का हाल जानते राज्यमंत्री धर्मेंद्र प्रधान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जिले में हुई ह्रदय विदारक घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। कासगंज, एटा के जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस प्रशासन के आलाधिकारियों ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। बेहतर उपचार के निर्देश दिए। मृतकों के आश्रितों को ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में कैबिनेट और राज्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी।

शनिवार का दिन जिले के लिए काफी दर्द भरा रहा। जिलाधिकारी सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक मौके की ओर दौड़ पड़ी। इससे पहले पटियाली के एसडीएम कुलदीप कुमार, सीओ विजय कुमार राणा, इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। बचाव और राहत कार्य शुरू करा दिया था। डीएम ने बचाव और राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। अलीगढ़ परिक्षेत्र के डीआइजी शलभ माथुर, कमिश्नर रविंदर, सांसद राजवीर सिंह , सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, अमांपुर के विधायक हरिओम वर्मा, एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, एटा सदर विपिन कुमार डेविड, मारहरा विधायक बीरेंद्र सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, सुनील वार्ष्णेय, बसपा जिलाध्यक्ष डीपी सिंह राना, सपा जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव, सपा के राट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी, महिला कांग्रेस की दिव्या शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनियों ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश सरकार के कैबिनेट गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण एवं प्रदेश सरकार के राजस्व राज्यमंत्री अनूप बाल्मीकि भी जिला अस्पताल पहुंचे।

उन्होंने सीएमओ राजीव अग्रवाल ने घायलों के उपचार के संबंध में जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार निःशुल्क और बेहतन होने चाहिए। घायलों के उपचार किसी भी प्रकार की कोताही न रहे।

- घायलों के बेहतर उपचार के दिए निर्देश, मृतकों के परिजनों को बंधाया ढांढस
- कैबिनेट और राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में पीड़ित परिवारों को दी सांत्वना



जिला अस्पताल में एसडीएम संजीव कुमार से जानकारी लेते सांसद राजवीर सिंह। ● अमृत विचार

### घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचे पीआरवी आरक्षी सुरेंद्र सिंह

**कासगंज।** सुबह तालाब में श्रद्धालुओं से ट्रैक्टर ट्राली पलटने की घटना से कुछ ही देर पहले वहां से पीआरवी आरक्षी सुरेंद्र सिंह गुजरे थे। वे कुछ ही दूर निकले कि उन्हें किसी ने बताया कि तिवारा तालाब पर ट्रैक्टर ट्राली पलट गई है। वह बिना देर लगाए मौके पर पहुंच गए और चौकी दरियावगंज पुलिस को सूचना दे दी। पीआरवी आरक्षी सुरेंद्र सिंह ग्रामीणों के साथ ताबाल में कूद पड़े और कई लोगों को निकाल लाए। कुछ ही मिनट में चौकी पुलिस भी आ गई थी। इसके बाद अन्य पुलिस कर्मी भी बचाव कार्य में लग गए। लोग आरक्षी सुरेंद्र की प्रशंसा करते रहे।

